हरिभूमि

# कोरिया भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 2 मई 2025

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर


तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री


4 स्वामी आत्मानंद स्कूल चरचा में घोषित किए गए परिणाम




## खबर संक्षेप

### युक्तियुक्तकरण के लिए बैठक आज

**मनेन्द्रगढ़।** शिक्षकों एवं विद्यालयों के युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए कलेक्टर डी. राहुल वेंकट की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया जाना है। बैठक 2 मई को शाम 5 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न होगी।

### हैंडपंपों के सुधार में जुटा पीएचई

**मनेन्द्रगढ़।** गर्मियों की तेज धूप और पानी की बढ़ती मांग के बीच लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति बनाए रखने के लिए मरम्मत योग्य हैंडपंपों के संधारण और सुधार का कार्य तेज कर दिया है। जिले के विभिन्न गांवों में खराब और बंद हैंडपंपों की मरम्मत कर ग्रामीणों को राहत पहुंचाई जा रही है। इसीक्रम में विकासखंड़ खड़गवां के ग्राम ठग्गांव में विभाग के कर्मचारियों द्वारा एक हैंडपंप की मरम्मत कर उसे पुनः चालू किया गया। मरम्मत कार्य के पूरा होते ही गांव वासियों को तत्काल जल सुविधा मिलने लगी।

### नगरीय निकाय में लगेंगे समाधान शिविर

**बैकुण्ठपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छग सरकार द्वारा प्रदेश में पारदर्शी और जवाबदेह प्रशासन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सुशासन तिहार 2025 का सफल आयोजन किया जा रहा है। इस तिहार के प्रथम चरण 8 से 11 अप्रैल में प्राप्त आवेदनों के द्वितीय चरण में गुणवत्तापूर्ण निराकरण के पश्चात अब तृतीय चरण में नगरीय निकाय, नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर, शिवपुर-चरचा तथा नगर पंचायत पटना में समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा। मिली जानकारी के मुताबिक पटना नगर पंचायत के मिनी स्टेडियम में 8 मई को, नगर पालिका परिषद शिवपुर-चरचा के सामुदायिक भवन वार्ड क्रमांक 6 में 15 मई को तथा बैकुंठपुर नगर पालिका परिषद के मानस भवन में 22 मई को समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा। इन शिविर के लिए नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर के लिए संजय दुबे, नगर पालिका परिषद शिवपुर-चरचा के लिए वशिष्ठ कुमार ओझा तथा नगर पंचायत पटना के लिए सिकंदर सिदार को सहायक नोडल अधिकारी व शिविर प्रभारी बनाया गया है।

### श्रमिकों को मिल रहा सम्मान और भोजन

**मनेन्द्रगढ़।** नगर पालिका परिषद परिसर सब्जी मंडी के पास, मनेन्द्रगढ़ में 29 मार्च को शहीद वीर नारायण सिंह श्रम अन्न सहायता योजना के तहत श्रमिकों के लिए संचालित कैंटीन की शुरूआत की गई थी। अब एक महीने बाद यह योजना श्रमिकों के बीच आशा और संतोष का प्रतीक बन चुका है। इस योजना के अंतर्गत प्रतिदिन 250 से 300 श्रमिकों को मात्र 5 रूपए में गरम, स्वच्छ और पौष्टिक भोजन प्रदान किया जा रहा है। भोजन में दाल, चावल, ताजी सब्जी, पापड़, मठ्ठा और अचार शामिल होता है। अब तक 8000 से अधिक श्रमिक इस योजना से लाभान्वित हो चुके हैं।

### केन्द्रीय सतर्कता आयुक्त को हुई शिकायत

**बिजुरी।** क्षेत्र में संचालित बहेराबांध भूमिगत कोयला खदान में कार्यरत कर्मचारी पर फर्जीवाड़ा का आरोप लगाते हुए, शिकायतकर्ता द्वारा केन्द्रीय सतर्कता आयुक्त को शिकायत कर, सभी पहलुओं की जांच का मांग किया गया है। उक्त शिकायत में उल्लेख किया गया है कि बहेराबांध भूमिगत खदान में कार्यरत कर्मचारी जो वर्तमान समय में जनरल पाली का एमटीके के पद पर कार्यरत है, किंतु उनका व्यवहार अधीनस्थ कर्मचारियों के प्रति बिल्कुल भी उपयुक्त नहीं रहता है।

## पूर्व विधायक गुलाब कमरो बने यूनियन के प्रदेशाध्यक्ष

# श्रम के पसीने से कांग्रेस को आती है खुशबू: महंत

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

■ अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस पर कई कार्यक्रम

पूरे विश्व में 1 मई को अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के रूप में मनाया जाता है, ताकि श्रमिकों को उनके अधिकारों और योगदान के प्रति सम्मान प्रदान किया जा सके। इसीक्रम में मनेन्द्रगढ़ में गुरूवार को एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें क्षेत्र के सैकड़ों श्रमिकों, जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने भाग लिया।

इस मौके पर मंच पर नपाध्यक्ष श्रीमती प्रतिमा यादव, ट्रेड यूनियन प्रदेश अध्यक्ष जेपी श्रीवास्तव, पूर्व विधायक गुलाब कमरो, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव, अधिवक्ता रमेश सिंह, ब्लाक अध्यक्ष राजेश शर्मा, अधिवक्ता आरएन पटेल, राजेश सिंह, हारून हेमन, लखनलाल श्रीवास्तव, पूर्व नपाध्यक्ष श्रीमती प्रभा पटेल, सरजू यादव, बबीता सिंह, डॉ.विनय शंकर सिंह समेत गणमान्य जन मौजूद रहे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ.चरणदास महंत ने अपने उद्बोधन में मजदूरों के महत्व और योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि श्रमिकों को सम्मान मिलता रहे, इसलिए पूरे विश्व में 1 मई को अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस मनाने की परंपरा शुरू हुई। आज इस खुशी के अवसर पर मनेन्द्रगढ़ में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया, इसे देखकर ऐसा लगता है जैसे किसी महानगर में कार्यक्रम हो रहा हो। मैं आप सभी को इस आयोजन के लिए बधाई देता हूं। डॉ.महंत ने कहा कि श्रम के पसीने से कांग्रेस को आती है खुशबू। हमें ऐसा ही वातावरण बनाकर चलना है, जहां श्रमिकों को सम्मान और अधिकार दोनों मिले। इस विश्व में जो कुछ भी निर्माण हुआ है, वह सेठ-साहूकारों ने नहीं बल्कि श्रमिकों ने अपने हाथों और पसीने से किया है। यूनियन के प्रदेशाध्यक्ष जेपी श्रीवास्तव ने कहा कि हमारे देश में 70 प्रतिशत से अधिक परिवार ऐसे हैं, जो श्रमिक पृष्ठभूमि से आते हैं। अगर कोई अपने अंतर्मन को टटोलकर देखे तो पाएगा कि उनके दादा, नाना या पिता एक मजदूर थे और आज जो हम सुविधा में बैठकर यह बातें कर पा रहे हैं, वह उसी मजदूरी की देन है। अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर श्रमिक महासम्मेलन एवं श्रमश्री अलंकरण समारोह के दौरान ट्रेड यूनियन कॉसिंल छग के प्रदेश अध्यक्ष जेपी श्रीवास्तव ने पूर्व विधायक गुलाब कमरो को यूनियन का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया। इस घोषणा के साथ पूरा सभागृह तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गई और श्रमिकों को सम्मानित किया गया। उपस्थित जनता ने डॉ. महंत के विचारों की सराहना की और कार्यक्रम को प्रेरणादायक बताया। कार्यक्रम का संचालन गौरव त्रिपाठी एवं विनोद सोनी ने किया, वहीं आभार प्रदर्शन अधिवक्ता आरएन पटेल ने किया।




कार्यक्रम में मौजूद कांग्रेस के दिग्गज नेता डॉ .चरणदास महंत व अन्य।



# दोपहर बाद फिर बरसे बदरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

■ रोजाना बदल रहा मौसम का मिजाज

इस वर्ष अप्रैल माह के अंतिम दिनों से मौसम का मिजाज बदला रहा, जो मई के पहले दिन भी खुशनुमा मौसम देखने को मिला ,जबकि आमतौर पर अप्रैल के अंतिम एवं मई के शुरूआती दिनों में तेज गर्मी का सामना करना पड़ता है।

1 मई को दोपहर बाद तेज हवाएं चली, इसके बाद शाम 6:30 बजे से जमकर बारिश हुई। इस दौरान चारो ओर घना अंधेरा छा गया। मौसम विभाग के अनुसार पक्षिमी विक्षोभ के असर के कारण इन दिनों बादलों भरा मौसम बना हुआ, इसके कारण बे मौसम बारिश की स्थिति बन रही है। मौसम विभाग के अनुसार आगामी कुछ दिनों तक इसी तरह का मौसम बना रहेगा। मौसम में बदलाव के कारण तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है। गुरूवार को अधिकतम तापमान 35 तथा न्यूनतम 18 डिग्री दर्ज की गई। आगामी रविवार तक इसी आस-पास तापमान रहने की संभावना जताई है, तब तक तेज गर्मी एवं धूप की चुभन से लोगों को राहत मिलती रहेगी ,लेकिन इसके बाद जब मौसम पूरी तरह से साफ होगा, तो फिर तेज धूप के असर का सामना करना पड़ सकता है।

उल्लेखनीय है कि कई के महीने में सबसे अधिक धूप एवं गर्मी लगती है, इसी माह के अंतिम समय से नवतपा की शुरूआत होती है, इस दौरान धरती खूब तपती है।

## हरियाली...



**बैकुण्ठपुर।** परिवर्तन प्रकृति का नियम है, पतझड़ के बाद विभिन्न तरह के पेड़ों पर नई कोपलें निकल रही है,ज्यादातर पेड़ों पर हरियाली छा रही है, तो महुआ के पेड़ों पर हल्के लाल रंग के नई पत्तो से हरियाली के बीच मनमोहक नजारा दिखाई दे रहा है। कुछ दिनों बाद यही हल्के लाल पत्ते हरा रंग में दिखाई देने लगेंगे।

# नपा के वार्ड में बाउंड्री वॉल निर्माण के लिए भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 4 एवं 5 में महत्वपूर्ण विकास कार्यों का शुभारंभ किया गया। वार्ड क्रमांक 4 में पेवर ब्लॉक लगाने की प्रक्रिया प्रारंभ की गई, वहीं वार्ड क्रमांक 5 में पानी टंकी के पास बाउंड्री वॉल निर्माण के लिए भूमिपूजन संपन्न हुआ।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती प्रतिमा यादव उपस्थित रहीं। उनके साथ उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र पटवा, इंजीनियर नम्रता सिंह, जिला मंत्री सरजू यादव, लोक निर्माण प्रभारी श्रीमती सुनैना विश्वकर्मा, दयाशंकर यादव, ओम प्रकाश जायसवाल, पार्षद जमील शाह, इमरान खान, पप्पू हुसैन, सपन महतो, मो. सईद, श्रीमती माया सोनकर, श्रीमती सुशीला सिंह, श्रीमती शांता जायसवाल, मो. अजमुद्दीन अंसारी, विनीत जायसवाल, रवि जैन, रवि सोनकर, सभाजीत यादव सहित काफी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती प्रतिमा यादव ने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि मनेन्द्रगढ़ नगर के हर वार्ड में मूलभूत सुविधाएं समय पर उपलब्ध हों। यह पेवार ब्लॉक और बाउंड्री वॉल का कार्य जनता की आवश्यकताओं की पूर्ति की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।



नगर पालिका प्रशासन द्वारा यह कार्य नागरिक सुविधाओं के विस्तार की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है, जिससे स्थानीय निवासियों को प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त होगा। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र पटवा ने कहा कि नगर पालिका हर वर्ग, हर मोहल्ले की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल कर रही है। विकास कार्यों में जनता की भागीदारी आवश्यक है। पूर्व नेता प्रतिपक्ष सरजू यादव ने कहा कि हमारी कोशिश है कि शासन की योजनाएं जमीनी स्तर तक पहुंचे और हर व्यक्ति को उसका लाभ मिले। आज के कार्यक्रम इसी दिशा में एक सार्थक प्रयास है। लोक निर्माण प्रभारी श्रीमती सुनैना विश्वकर्मा ने कहा कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित की जाएगी।

नागरिकों से अपेक्षा है कि वे निगरानी और सुझावों के माध्यम से इस प्रक्रिया में सक्रिय भाग लें। पार्षद जमील शाह ने कहा कि आज हमारे वार्ड के लिए एक ऐतिहासिक दिन है। वर्षों से लंबित कार्य आज प्रारंभ हो रहा है, जिससे क्षेत्रवासियों को बहुत राहत मिलेगी।

## अमृत धारा डीपीआरसी भवन में समय-सीमा की बैठक

**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्टर डी. राहुल वेंकट की अध्यक्षता में जिले के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल अमृतधारा जलप्रपात के पास स्थित डीपीआरसी (जिला पंचायत संसाधन केन्द्र) भवन में समय-सीमा की बैठक का आयोजन किया गया। पर्यटन स्थल को विकसित करने के उद्धेश्य से यहां बैठक का आयोजन किया गया था। कलेक्टर ने बैठक में सुशासन तिहार के माध्यम से प्राप्त आवेदनों की समीक्षा करते हुए मनेन्द्रगढ़-भरतपुर और खड़गवां के एसडीएम एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस विभाग को संयुक्त दौरा कर सभी हेलीपैड और ग्राउंड की जानकारी एकत्रित करने के निर्देश दिए। संबंधित जनपद के सीईओ वहां के नोडल अधिकारी होंगे। इसके साथ ही हेलीपैड और ग्राउंड के आसपास की पांच-छह पंचायतों की जानकारी प्रस्तुत करने को कहा। कलेक्टर ने सुशासन तिहार के तीसरे चरण के लिए जिले में की जा रही तैयारियों की भी समीक्षा की। सुशासन तिहार के तीसरे चरण में 5 मई से जिले में समाधान शिविरों का आयोजन शुरू हो जाएगा। जिले में इसके लिए ग्राम पंचायतों का क्लस्टर बनाकर समाधान शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में उपस्थित लोगों को उनके आवेदनों पर की गई कार्रवाई, मांगों की पूर्ति और समस्याओं पर किए गए निराकरण की जानकारी विभागवार, ग्राम पंचायतवार दी जाएगी। कलेक्टर जिले के 6 राजस्व निरीक्षक मंडल भरतपुर एवं कुवांरपुर, कोटाडोल एवं घाघरा, केल्हारी एवं पेण्ड्री, नागपुर, मनेन्द्रगढ़ ग्रामीण एवं मनेन्द्रगढ़ शहरी, चिरमिरी एवं उधनापुर तथा खड़गवां, रतनपुर व देवडांड़ के लंबित प्रकरणों को जल्द से जल्द निराकरण करने के निर्देश दिए, इसके साथ ही उन्होंने राजस्व निरीक्षक मंडलों में नामांतरण, बटंवारा, किसान किताब (ॠण पुस्तिका) के लिए आवश्यकतानुसार आवंटन मंगाने के निर्देश दिए हैं।

# साइकिल रैली निकाल पर्यावरण और जल संरक्षण का दिया संदेश

**बैकुण्ठपुर।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की स्थापना के 75 वें हीरक जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में पर्यावरण एवं जल संरक्षण को लेकर एक जन-जागरूकता साइकिल रैली का आयोजन किया गया।

जिला मुख्य आयुक्त देवेन्द्र तिवारी एवं पदेन जिला आयुक्त स्काउट एवं जिला शिक्षा अधिकारी जितेन्द्र कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में आयोजित इस रैली की शुरूआत प्रातः 7:30 बजे खरवत बायपास चौक से हुई। रैली नगर के प्रमुख मार्गों कलेक्ट्रेट, जिला एवं सत्र न्यायालय, जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय, कुमार चौक से होती हुई बैकुंठपुर चौक तक पहुंची, जहां इसका समापन हुआ। करीब 5 किमी लंबी इस रैली में सीनियर स्काउट्स, गाइड्स, स्काउटर्स एवं जिला संघ के पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैनर, पोस्टर, तख्तियों, पाम्पलेट्स और साउंड सिस्टम से लैस यह रैली नगरवासियों को पर्यावरण और जल संरक्षण का संदेश देती रही। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पदेन जिला आयुक्त स्काउट जितेन्द्र कुमार गुप्ता, सहायक संचालक प्रकाश तिवारी, प्राचार्य विनय मोहन भट्ट, नायक महेश मिश्रा, जिला सचिव सुरेन्द्र कुमार, कोषाध्यक्ष रवि कुमार पाण्डेय, जिला संगठन आयुक्त नागेश्वर साहू आदि शामिल रहे।



## पेड़ से टकराया बाइक सवार, गई जान

**अम्बिकापुर।** ग्राम कुंदी में बाइक सवार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गया। दुर्घटना में गंभीर हुए युवक की मेडिकल कॉलेज अस्पताल मे मौत हो गई । राजपुर थाना अंतर्गत ग्राम मूनूवा निवासी सुनील कोड़ाकू आ. थोलमा कोडाकू (18 वर्ष) गत दिन किस काम के सिलसिले में ग्राम पकडारी गया था। युवक बाइक से अकेले घर लौटने लगा और जैसे ही ग्राम कुंदी के समीप पहुंचा तभी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गया। बाइक की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि युवक मौके पर ही अचेत हो गया। घटना की जानकारी लगने पर परिजन युवक को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

# बेलबहरा में विश्व पृथ्वी दिवस पर कार्यक्रम

**मनेन्द्रगढ़।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलबहरा में 22 से 28 अप्रैल तक विश्व पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न जागरूकता व रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम पर्यावरण संरक्षण के प्रति छात्रों व समुदाय को जागरूक करने के उद्देश्य से संपन्न हुआ।

कार्यक्रम की शुरूआत 22 अप्रैल को प्रार्थना सभा के साथ हुई। इसमें विश्व पृथ्वी दिवस का महत्व समझाया गया। 24 अप्रैल को पर्यावरण जागरूकता के लिए सब थीम सेव एनर्जी पर पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता आयोजित की गई। 26 अप्रैल को इको क्लब बोर्ड की पर्यावरणीय मुद्दों को दृष्टिगत रखते हुए सजावट की गई तथा फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता व पौधरोपण संबंधी गतिविधियां आयोजित की गईं, इसमें छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। 28 अप्रैल को पर्यावरण जागरूकता रैली का सफल आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं ने गांव में जाकर पर्यावरण संरक्षण के नारे लगाए।



इस रैली में संस्था प्राचार्य बलराज पाल एवं व्याख्याता माता प्रसाद द्विवेदी, कमलेश कुमार पांडे, अश्वनी कुमार दुबे, सुधा शुक्ला, सुषमा टोप्पो, निर्मला अग्रवाल, दादूराम सिंह राठौड़, नित्यानंद द्विवेदी गोपाल सिंह, जयंत देवांगन, माया वर्मा, श्रीमती मंजू बघेल, शोभा जायसवाल, नेहा सिंह सहित सभी व्याख्यातागण रैली में उत्साह पूर्ण भागीदारी रही। कार्यक्रम की सफलता में इको क्लब प्रभारी श्रीमती सुनीता मिश्रा की सक्रिय भागीदारी रही।

## आवेदनों के त्वरित निराकरण पर विशेष जोर

# प्रभारी सचिव पहुंचे कोरिया, सुशासन तिहार की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिला प्रभारी सचिव एस. प्रकाश गुरूवार को एक दिवसीय प्रवास पर कोरिया जिले पहुंचे।

उन्होंने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अधिकारियों के साथ बैठक कर सुशासन तिहार के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों एवं विभागीय कार्यों की गहन समीक्षा की। बैठक के दौरान उन्होंने अधिकारियों से कहा कि आमजन द्वारा किए गए प्रत्येक आवेदन महत्वपूर्ण हैं, इन्हें गंभीरता से लेते हुए बारीकी से परीक्षण करें और समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि समाधान शिविरों में आवेदनों का निराकरण मौके पर ही किया जाए और आवेदकों को उनकी समस्या के समाधान की जानकारी दी जाए, जिससे शासन की पारदर्शी कार्य प्रणाली धरातल पर दिखाई दे। श्री प्रकाश ने अधिकारियों को मुख्यमंत्री के निर्देशों की भावना अनुसार कार्य करने के लिए कहा। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना, पेयजल व्यवस्था, विद्युत आपूर्ति, शिक्षा और राशन जैसी बुनियादी समस्याओं के निराकरण के लिए स्थलीय निरीक्षण कर वस्तुस्थिति जानने और त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कृषि, लोक निर्माण, उद्यानिकी, स्वच्छ भारत मिशन, मनरेगा, बिहान, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा आदि विभागों में चल रहे कार्यों के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि यदि किसी समस्या का समाधान जिला स्तर पर संभव न हो, तो शासन को प्रस्ताव भेजा जाए। बैठक में कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने जिले में संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रेजेंटेशन के माध्यम से दी। उन्होंने सचिव को आश्वस्त किया कि सभी दिशा-निर्देशों का पालन किया जाएगा और सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा। कलेक्टर ने बताया कि 5 से 31 मई तक जिले की चिन्हित 14 ग्राम पंचायतों में क्लस्टरवार समाधान शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों की आमजन को सूचना देने के लिए मुनादी व दीवार लेखन के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। बैठक में अपर कलेक्टर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कार्यालय प्रमुख मौजूद रहे।




बैठक लेते प्रभारी सचिव एस प्रकाश।



उपस्थित अधिकारी।

## 4 रेत वाहन समेत 1 गिट्टी का वाहन जब्त



**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्टर के निर्देश पर जिला खनिज उड़नदस्ता दल जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर द्वारा जिले में लगातार छापामार कार्रवाई की जा रही है।

इसी कड़ी में चैनपुर, चिमटीमार क्षेत्र के हसदेव नदी से 4 ट्रैक्टर वाहन एवं 1 गिट्टी के ट्रैक्टर को जब्त किया गया है। सभी वाहनों को सुरक्षार्थ कलेक्ट्रेट परिसर में खड़ा किया गया है। सभी वाहनों के विरूद्ध खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 से 23 में कार्रवाई की गई है। विदित हो कि जिले में खनिज विभाग द्वारा लगातार क्षेत्र भ्रमण कर अवैध उत्खनन, परिवहन, भंडारण कर्ताओं के विरूद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है।

खनिज विभाग द्वारा इस वित्तीय वर्ष जिले के चिरमिरी, पोड़ी, नागपुर, चौघड़ा, चनवारीडांड़, झगराखाण्ड क्षेत्र के अवैध ईंट भट्टो से अवैध उत्खनन के प्रकरण दर्ज कर कुल 477000 रूपए एवं मिट्टी ईंट के अवैध परिवहन से 75250 रूपए अर्थदंड एवं समझौता की राशि निर्धारित खनिज मद में जमा कराया गया है। खनिज अधिकारी दयानंद तिग्गा ने बताया कि इस वित्तीय वर्ष भी हम प्राप्त राजस्व लक्ष्य के पूर्ति के लिए लगातार प्रयासरत है।

1-MAY- Jash-KORIYA-Bhoomi pg-2_Layout 1 5/1/2025 8:25 PM Page 1



## खबर संक्षेप



### यूपीएससी चयनित केशव गर्ग का बतौली में हुआ स्वागत

**बतौली/सेदम।** बतौली के होनहार युवा केशव गर्ग का यूपीएससी में चयन होने के बाद प्रथम नगर आगमन पर नागरिकों ने भव्य स्वागत किया है। यूपीएससी में 496 वां रैंक हासिल कर बतौली के स्व. विनोद गर्ग पुत्र ने क्षेत्र का नाम रोशन किया है। केशव गर्ग का प्रथम आगमन पर बतौली में ढोल नगाड़े के साथ स्वागत किया गया। कोरोना काल में पिता की मौत के बाद बड़े भाई चंद्रकांत गर्ग ने व्यवसाय संभाला तब जाकर अपने तीसरे प्रयास में उन्होंने 496 रैंक हासिल किया। इस दौरान प्रवीण गर्ग, नितेश गर्ग, निशांत अग्रवाल, उमेश गर्ग, राजेश गर्ग, आनंद गुप्ता, मुकेश गुप्ता, सुरेश चंद्र गुप्ता, आयुष गर्ग, विष्णु गुप्ता सहित अन्य मौजूद रहे।

### सरस्वती शिशु मंदिर उमावि के परीक्षा परिणाम की घोषणा



**अंबिकापुर।** सरस्वती शिशु मंदिर उमावि सुभाषनगर बुधवार को की वार्षिक परीक्षाफल की घोषणा की गई। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लाईफ लाईन हॉस्पिटल के संचालक एवं सरस्वती शिक्षा संस्थान छग सरगुजा विभाग के विभाग प्रमुख विवेक दुबे, सरस्वती शिक्षा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. श्रीमती श्रद्धा मिश्रा शामिल हुए। स्कूल के परीक्षा प्रभारी चिरंजीव सिंह द्वारा परीक्षाफल की घोषणा की गई। विद्यालय का परीक्षा परिणाम 97 प्रतिशत रहा। कक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वालें छात्र-छात्राओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में अपने विद्यालय जीवन के बारे में बताया तथा सफल होने के लिए सतत प्रयत्न करने का भी सुझाव दिया। मुख्य अतिथि ने उत्तीर्ण हुए छात्रों को शुभकामनाएं दी तथा हर संभव मदद करने का आश्वासन भी दिया। इस दौरान विद्यालय परिवार के आचार्य, शिक्षक, छात्र छात्राएं और अभिभावक मौजूद थे।

### विद्यार्थियों ने महामाया शक्कर कारखाना का किया भ्रमण



**बतौली/सेदम।** पीएम श्री स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी एवं हिंदी माध्यम बतौली के कक्षा 6वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने चार चरणों में शैक्षणिक भ्रमण किया। चौथे एवं अंतिम चरण में एसएमडीसी अध्यक्ष राजेंद्र पैकरा ने हरी झंडी दिखाकर बस को रवाना किया। कक्षा 6वीं, 7वीं, 8वीं एवं 11वीं के विद्यार्थियों ने महामाया शक्कर कारखाना केरता प्रतापपुर का भ्रमण किया। विद्यार्थियों ने गन्ने से शक्कर का उत्पादन किस प्रकार किया जाता है उसके प्रक्रियाओं के बारे में बारीकी से जाना। श्री यादव ने विस्तार से बच्चों को बताया और विद्यार्थियों द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब दिया। इसके पश्चात संजय पार्क अंबिकापुर में भ्रमण किया वहां वन्य जीव, पक्षियों तथा बागवानी को विद्यार्थियों ने देखा तथा वन्य जीव संरक्षण के महत्व को जाना। प्राचार्य राजेश गुप्ता के मार्गदर्शन में भ्रमण टीम के मैनेजर के रूप में दलबीर एक्का, विनोद तिर्की, सुरेश जायसवाल, रामसेवक गुप्ता रहे। इससे पूर्व विद्यार्थियों ने कृषि विज्ञान केंद्र, हवाई अड्डा, रेलवे स्टेशन, रामगढ़, महेशपुर का भ्रमण किया था और वहां पुराने अवशेषों तथा पुरातात्विक अवशेषों के बारे में ज्ञानवर्धक जानकारी प्राप्त किया। इस दौरान विनय गुप्ता, आशीष पैंकरा, श्रीमती फ्रिस्किला एक्का, कुमारी पायल पटेल, ममता गोस्वामी, नेहा यादव, विनोद यादव, देवस्ती कुजूर, अजय यादव, अंकित अग्रवाल, राकेश उपाध्याय सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहे।

### शराब पीकर उत्पात मचा रहे बाइकर पर कोर्ट ने लगाया जुर्माना

**अंबिकापुर।** शराब पीकर शहर में उत्पात मचाने वाले बाइकर्स के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने चालक के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया है। वहीं कोर्ट ने आरोपी के खिलाफ जुर्माना लगाया गया है। बता दें कि सरगुजा पुलिस द्वारा यातायात नियमो के अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध सख्ती से कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में यातायात पुलिस टीम द्वारा दौरान पेट्रोलिंग रिंग रोड़ मे मोटरसायकल क्रमांक सीजी 15 ईबी 4956 के वाहन चालक कों काफी तेज एवं खतरनाक तरीके से चलाते हुए पाया गया। यातायात पुलिस टीम द्वारा वाहन चालक कों मौक़े पर रोक कर पूछताछ की गई तो चालक शराब के नशे में धुत था। पुलिस द्वारा मामले में वाहन चालक के खिलाफ धारा 184, 185, 3/181, 128/194, 146/196, 130(3)/177 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर मामला न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। न्यायालय द्वारा उपरोक्त प्रकरण मे वाहन चालक को 19 हजार 500 रूपए का अर्थदंड लगाया गया है। इस कार्रवाई में यातायात शाखा प्रभारी निरीक्षक अश्वनी सिंह, प्रधान आरक्षक जितेंद्र यादव, आरक्षक कृष्णचंद यादव सक्रिय रहे।

सर्दी-खांसी व उल्टी-दस्त से पीड़ित हो रहे लोग

# मौसम में बदलाव के साथ ही लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा विपरीत असर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**
- अस्पताल में बढ़ी मरीजों की संख्या

गर्मी का मौसम शुरू के साथ पिछले सप्ताह हुई बारिश के बाद मौसम में अचानक बदलाव हो गया जिसका असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ने लगा है। तापमान में अचानक वृद्धि होने से उमस व गर्मी से लोग परेशान है। मौसम हो रहे उतार चढ़ाव के कारण अब बड़े से लेकर बच्चे भी सर्दी, खांसी, बुखार के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में लोग उल्टी-दस्त से पीड़ित होने लगे। ऐसे में मेडिकल कॉलेज अस्पताल समेत निजी अस्पताल में मरीजों की संख्या में बढ़ोत्तरी हुई है। चिकित्सक भी बदलते मौसम में अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान देने के अलावा दूषित पानी व बासी भोजन से परहेज करने की सलाह दे रहे है।

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में कुछ दिनों से मरीजों की संख्या काफी बढ़ गई है जिससे हर रोज ओपीडी में भी मरीज के परिजन की भीड़ बढ़ने लगी है। ओपीडी में शहर की अपेक्षा ग्रामीण क्षेत्र के लोगों की ज्यादा भीड़ होती है जो मौसमी बीमारी का इलाज कराने पहुंचते है। चिकित्सकों के मुताबिक हुई बारिश के बाद अचानक तापमान में वृद्धि होने तथा गर्मी व उमस बढ़ जाने से इसका विपरीत असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। ऐसे में छोटे से लेकर बड़े भी मौसम के अचानक बदल जाने से सर्दी, खांसी व बुखार के अलावा उल्टी-दस्त से पीड़ित होने लगे। इन दिनों मेडिकल कॉलेज अस्पताल के अलावा निजी अस्पतालों में भी मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। मेडिकल कॉलेज अस्पताल के ओपीडी में कुछ दिनों से मरीजों की संख्या वृद्धि हुई है हालांकि ओपीडी में विभिन्न बीमारियों की जांच कराने लोग आते है परंतु उनमें अधिकांश लोग मौसमी बीमारी से पीड़ित होते है। इस प्रकार की स्थिति एमसीएच में भी जहां परिजन बच्चों के सर्दी-जुकाम, बुखार व उल्टी दस्त की शिकायत को लेकर जांच कराने पहुंच रहे है। चिकित्सकों का मानना है कि मौसम के उतार-चढ़ाव के कारण इसका असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है और मरीजों की संख्या भी बढ़ी है।



ओपीडी में लोगों की भीड़।

#### परहेज करने की सलाह

चिकित्सकों के मुताबिक मौसम में बदलाव होने के कारण लोग सर्दी, खांसी व उल्टी-दस्त से पीड़ित हो रहे है। चिकित्सकों का कहना है कि इस मौसम में जहां तक हो सके लोगों को ताजा भोजन करना चाहिए। साथ ही बासी भोजन व कुआं ढोढ़ी के पानी से परहेज करना चाहिए। जहां तक हो सके सर्दी, खांसी के लक्षण दिखाई देने पर गर्म पानी तथा काढ़ा का उपयोग करना चाहिए। चिकित्सकों ने बच्चों को भी काढ़ा पिलाने की सहाल देते है।

#### उल्टी दस्त से पीड़ित पहुंच रहे अस्पताल

चिकित्सकों के अनुसार ठंड के बाद अचानक तापमान बढ़ने से इसका असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। वर्तमान में सर्दी, खांसी, बुखार के मरीजों की संख्या बढ़ी है। इसके अलावा उल्टी दस्त से पीड़ित मरीज अस्पताल पहुंच रहे है। मौसम बदलने के कारण बच्चे व बडे आशिक रूप से बीमार पड़ रहे है।

#### बढ़े है मरीज

मौसम के बदलने के कारण लोगों के स्वास्थ्य पर विपरीत असर पड़ रहा है। अचानक मौसम बदलने से मरीजों की संख्या बढ़ी है। लोग सर्दी, खांसी व बुखार के अलावा उल्टी दस्त के मरीज भी उपचार कराने अस्पताल पहुंच रहे है।

-डॉ. जेके रेलवानी
सिविल सर्जन व शिशु रोग विशेषज्ञ

# सरगुजा सांसद ने बरियों नीर का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर



सांसद चिंतामणि महाराज ने नगर में पेयजल आपूर्ति स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत बरियों में वाटर एटीएम बरियों नीर का निरीक्षण किया जिसके माध्यम से ग्रामीणों, राहगीरों को शुद्ध और ठंडा पेयजल निःशुल्क उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने वाटर एटीएम से स्वयं बोतल में ठंडा पानी भरकर पानी भी पिया। इस दौरान उन्होंने उपस्थित अधिकारियों से जल आपूर्ति की नियमितता और गुणवत्ता के बारे में भी जानकारी ली। सांसद श्री महाराज ने कहा कि गर्मी के मौसम में स्वच्छ और ठंडे पानी की आवश्यकता अधिक होती है। इसके लिए बरियों नीर जैसी पहल से ग्रामीण जनों को काफी सुविधा होगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समय-समय पर वाटर एटीएम की सफाई और गुणवत्ता जांच की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए ताकि ग्रामीणों को लगातार शुद्ध पेयजल मिलता रहे।



# जिले में नहरों और जलाशयों की सफाई व मरम्मत कार्य प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

- किसानों को मिलेगी बेहतर सिंचाई सुविधा

जिले में किसानों को बेहतर सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने हेतु जल संसाधन विभाग ने नहरों और जलाशयों के स्लज की सफाई और मरम्मत कार्य प्रारंभ कर दिया है। रामानुजनगर ब्लॉक के सेंदुरी, बद्रिकाश्रम और सोनपुर जलाशय तथा सूरजपुर ब्लॉक के लॉचीं जलाशय में यह कार्य तेजी से चल रहा है। सेंदुरी जलाशय की रूपांकित क्षमता 117 हेक्टेयर है, किंतु नहरों की जर्जर स्थिति के कारण अब तक मात्र 55 हेक्टेयर क्षेत्र में ही सिंचाई हो पा रही थी। साफ-सफाई और मरम्मत कार्य पूर्ण होने के उपरांत पूरे 117 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। इसी प्रकार बद्रिकाश्रम जलाशय जिसकी क्षमता 160 हेक्टेयर है, वहीं अब तक केवल 40 हेक्टेयर में ही सिंचाई हो रही थी। सोनपुर जलाशय में 133 हेक्टेयर के विरुद्ध मात्र 60 हेक्टेयर में सिंचाई सुविधा थी जो अब पूरी क्षमता तक पहुंचाई जाएगी। कलेक्टर एस जयवर्धन के निर्देश पर वर्षा ऋतु पूर्व जिले के सभी जलाशयों और नहरों की सफाई एवं मरम्मत कार्य युद्धस्तर पर किया जा रहा है। लॉचीं जलाशय के नहर का मरम्मत कार्य भी प्रारंभ हो चुका है। सुधार कार्यों के पूर्ण होने से लगभग 500 कृषक को बेहतर सिंचाई सुविधा प्राप्त होगी, जिससे न केवल कृषि उत्पादन में वृद्धि होगी, बल्कि किसानों की आर्थिक स्थिति भी सुदृढ़ होगी।

# युवक की प्रताड़ना से तंग आकर युवती ने लगाई फांसी, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- प्रेमी नहीं कर रहा था शादी, दूसरे युवक से भी शादी नहीं करने की दे रहा था धमकी



युवती द्वारा मानसिक प्रताड़ना से तंग आकर फांसी लगाने के मामले में रामचन्द्र पुलिस ने प्रेमी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ना ही युवती से खुद शादी कर रहा था और ना ही उसकी शादी कहीं होने दे रहा था और इसी बात से तंग आकर युवती ने आत्म हत्या की थी। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रामचंद्रपुर थाना अंतर्गत रहने वाले ग्रामीण ने 26 अप्रैल को थाने में आकर शिकायत दर्ज कराई थी कि वह घटना दिवस को महुआ बीनने गया हुआ था इस दौरान उसके पुत्र ने फोन कर बताया कि उसकी पुत्री ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। युवती द्वारा आत्महत्या किए जाने की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर लाश को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द किया गया। इसके साथ ही पुलिस को मृतिका के पास से एक सुसाइड नोट मिला था। सुसाइड नोट में पवन कुमार सिंह का नाम लिखा हुआ था। पुलिस की जांच में यह बात सामने आई कि मृतिका और आरोपी पवन कुमार सिंह के बीच प्रेम संबंध था और मृतिका आरोपी से शादी करना चाहती थी लेकिन उसने शादी करने से इनकार कर दिया इसके साथ ही आरोपी युवती की शादी किसी अन्य से भी नहीं होने दे रहा था और मृतिका को दूसरी जगह शादी नहीं करने की धमकी दे रहा था और इसी बात से मृतिका डरी हुई थी। मानसिक रूप से प्रताड़ति युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मामले में जांच के बाद पुलिस ने रामचंद्रपुर के ग्राम आबादी निवासी 22 वर्षीय पवन कुमार सिंह आ. स्व. दशरथ को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### कीटनाशक पीने से युवक की गई जान

**अम्बिकापुर।** पटेलपारा निवासी जय कुमार सिंह आ. रामदेव सिंह (25 वर्ष) पिछले एक साल से पेट की बीमारी से परेशान था। बीमारी ठीक नहीं होने से युवक तनाव में रहने लगा और मोबाइल में व्यस्त रहने लगा। 28 अप्रैल की रात बीमारी से परेशान होकर कीटनाशक पी लिया। कीटनाशक पीने के बाद युवक ने अपने छोटे भाई अजय को फोन कर कीटनाशक पीने की जानकारी दी। घटना की जानकारी अजय ने परिजन को दी। परिजन जय कुमार को तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया। इस बीच परिजन उसे बेहतर उपचार के लिए शहर के निजी अस्पताल लेकर आ रहे थे तभी युवक ने रास्ते में दम तोड़ दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम करा परिजन के सुपुर्द किया है।



### रामनगर में वरिष्ठ व्याख्याता जायसवाल को दी गई विदाई

**बिश्रामपुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामनगर में पदस्थ वरिष्ठ व्याख्याता सुरेंद्र प्रसाद जायसवाल को सेवानिवृत्ति के अवसर पर विद्यालय परिवार एवं क्षेत्रवासियों द्वारा भावभीनी विदाई दी गई। वर्ष 1980 से 2025 तक की उनकी शिक्षकीय यात्रा न केवल शिक्षा के क्षेत्र में प्रेरणादायक रही, बल्कि उन्होंने मानवीय मूल्यों और संवेदनाओं को भी सदैव प्राथमिकता दी। उन्होंने अपने सेवाकाल के दौरान आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को निरंतर सहयोग प्रदान कर उनके जीवन को नई दिशा दी। वे एक आदर्श शिक्षक, सच्चे मार्गदर्शक और समाज के प्रति जिम्मेदार नागरिक के रूप में सदैव याद किए जाएंगे। विदाई समारोह में विद्यालय परिवार की ओर से उन्हें शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती सुषमा बखला, एसएमडीसी अध्यक्ष बाबूलाल यादव, संकुल समन्वयक बिजेंद्र जायसवाल, सरपंच प्रतिनिधि रोहित सिंह, डॉ. सुनील श्रीवास्तव सहित अन्य उपस्थित थे। सेवानिवृत्त वरिष्ठ व्याख्याता सुरेंद्र प्रसाद जायसवाल ने मंच से अपने विचार साझा करते हुए सभी को अपने कर्तव्यों के प्रति निष्ठावान रहने का संदेश दिया और सहयोग व स्नेह के लिए सभी का आभार व्यक्त किया।

# सुविधाओं और कमियों को जांचने मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंची कांग्रेस

- जिलाध्यक्ष ने किया है जांच टीम का गठन, कमियों को किया जाएगा उजागर



**अंबिकापुर।** मेडिकल कॉलेज अस्पताल के साथ ही पीएचसी, सीएचसी में स्वास्थ्य सुविधाओं में आई गिरावट को लेकर कांग्रेस द्वारा गठित कमेटी ने अपनी जांच शुरू कर दी है। पहले दिन मेडिकल कॉलेज में टीम ने पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। टीम द्वारा आने वाले दिनों में अन्य पीएचसी, सीएचसी का निरीक्षण किया जाएगा और उसके बाद मौजूद कमियों को उजागर किया जाएगा।

बता दें की कांग्रेस जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं में विगत डेढ़ वर्ष आई गिरावट की जांच के लिए पूर्व महापौर डॉ. अजय तिर्की के नेतृत्व में जांच टीम का गठन किया है। गठित जांच कमेटी ने बुधवार से अपना कार्य प्रारंभ कर दिया है। जांच कमेटी पहले दिन मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंची थी। इस दौरान जांच दल अस्पताल के मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. आरसी आर्या के नेतृत्व में अस्पताल में स्थित हमर लैब, सोनोग्राफी और रेडियोलॉजी विभाग, ऑक्सीजन प्लांट, ट्रामा सेंटर, ब्लड बैंक, विभिन्न वार्डों का भ्रमण कर, पूछताछ कर और रिकॉर्ड को देखकर व्यवस्था की जानकारी ली। आगामी दिवस में यह टीम अर्बन सीएचसी नवापारा सहित विभिन्न हमर क्लीनिक में जांच कर अपनी विस्तृत रिपोर्ट जिला कांग्रेस कमेटी को देगी जिसे सार्वजनिक किया जायेगा। पूर्व मेयर डॉ. अजय तिर्की के नेतृत्व में गठित इस जांच दल को आमजन के हित में जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने स्थायी रूप दिया है। आज जांच में जाने के पूर्व जांच दल ने अस्पताल प्रबंधन को सूचित किया था। जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने जांच दल को निर्देश दिया है कि जांच दल आगे से बिना सूचना के विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं का औचक निरीक्षण करे। मेडिकल कॉलेज अस्पताल के निरीक्षण के लिए जांच दल के सदस्य हेमंत सिन्हा, श्रीमती सीमा सोनी, श्रीमती निमन राशि एक्का, गुरुप्रीत सिद्धू के साथ सहयोग के लिए अनूप मेहता, अजय सिंह, विनोद एक्का, आशीष जायसवाल, अंकित जायसवाल, ऋसभ जायसवाल भी मौजूद थे।

### आदिवासी भूमि संरक्षण हेतु जारी किए गए निर्देश पावर ऑफ अटॉर्नी मामलों में होगी जांच

**अंबिकापुर।** सरगुजा जिला अनुसूचित जनजाति क्षेत्र है, आदिवासी भूमि के अधिकारों की रक्षा को लेकर कलेक्टर ने छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता की धारा 165 के तहत आदिवासियों के हितों का संरक्षण सुनिश्चित करने के लिए पावर ऑफ अटॉर्नी के दुरुपयोग को रोकने हेतु सख्त निर्देश जारी किए हैं। हाल ही में जिला प्रशासन के संज्ञान में आया है कि आदिवासियों की भूमि पर खरीद-बिक्री, रजिस्ट्री, नामांतरण, बंटवारा, लीज आदि के मामलों में मूल आदिवासी के नाम पर भूमि की पावर ऑफ अटॉर्नी तैयार करवा ली जाती है। इसके आधार पर अन्य व्यक्ति भूमि का सौदा, रजिस्ट्री, नामांतरण और अन्य राजस्व कार्य करवा लेते हैं, जिससे आदिवासी भूमिहीन हो जाते हैं और उनके अधिकारों का हनन होता है। इस मामले को लेकर कलेक्टर ने विशेष निर्देश जारी किया है कि मूल भू-स्वामी की उपस्थिति यदि किसी न्यायालय में पावर ऑफ अटॉर्नी के आधार पर आदिवासी भूमि के हस्तांतरण का प्रकरण आता है तो उस मामले में मूल भू-स्वामी को न्यायालय में उपस्थित कर पावर ऑफ अटॉर्नी देने के कारणों की जांच की जाएगी। वृद्ध या असमर्थ व्यक्तियों के मामले यदि आदिवासी भू-स्वामी वृद्ध, बीमार या अन्य कारणों से न्यायालय में उपस्थित नहीं हो सकता, तो तहसीलदार एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मिलकर उस ग्रामीण के घर जाकर उसका बयान दर्ज करेंगे। इस कार्यवाही का वीडियो और फोटो भी न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा। ताकि मामले में निराकरण किया जा सके। न्यायालयों का ऑनलाइन प्रबंधनः जिले के समस्त न्यायालयों को ऑनलाइन किया जाएगा। उपरोक्त प्रकरणों में की गई कार्यवाही की वीडियो रिकॉर्डिंग को सुरक्षित रखा जाएगा।

# भूमि प्रभावित ग्रामीणों की सुनवाई के लिए एसडीएम कार्यालय में हर मंगलवार होगी बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- ग्रामीणों की सहमति के बाद रेहर गायत्री खदान से कोल उत्पादन हुआ शुरू
- हर मंगलवार की बैठक में एसईसीएल के एलएंडआर एवं कार्मिक विभाग के अधिकारी भी रहेंगे मौजूद

एसईसीएल बिश्रामपुर के रेहर गायत्री परियोजना प्रभावित ग्राम गेतरा के ग्रामीणों द्वारा सोमवार 28 अप्रैल को मुआवजा व नौकरी की मांग को लेकर शुरू किए गए अनिश्चितकालीन आंदोलन के दूसरे दिन एसडीएम सूरजपुर शिवानी जायसवाल की उपस्थिति में प्रशासन, एसईसीएल प्रबंधन और आंदोलनकारी ग्रामीणों की त्रिपक्षीय बैठक में सहमति बन गई है,इसके बाद आंदोलनकारी ग्रामीणों ने दूसरे दिवस देर रात अपने आंदोलन को समाप्त कर दिया है एवं रेहर गायत्री खदान से कोयला उत्पादन व प्रेषण का कार्य शुरू हो गया है।

आंदोलन समाप्त होने से प्रबंधन और प्रशासन दोनों ने राहत की सांस ली है।बताया गया कि एसडीएम सूरजपुर की उपस्थिति में मंगलवार देर शाम हुई बैठक में निर्णय लिया गया कि आंदोलनकारी ग्रामीणों की मांगों की बिंदुवार समीक्षा के लिए हर मंगलवार एसडीएम कार्यालय में बैठक होगी और उस पर ग्रामीणों की राय लेकर उसके समाधान का शीघ्र प्रयास किया जाएगा, इसमें एसईसीएल प्रबंधन के एलएंडआर विभाग सहित कार्मिक विभाग के अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे ,उन्हें दोनों खदानों के लिए अधिग्रहित की गई भूमि और बदले में प्रभावित परिवारों को उपलब्ध कराए गए नौकरी और मुआवजा की जानकारी दी जाएगी।बताया गया कि रेहर ,गायत्री भूमिगत खदान जिसके संचालन के लिए 1995-96 में दोनों खदानों के मुहाड़ा खोलने और कॉलोनी के निर्माण के लिए कंपनी ने भूमि का अधिग्रहण किया था ,दोनों खदानों से प्रभावित 58 भू स्वामियों को कंपनी ने मुआवजा और नौकरी तब उपलब्ध कराया था, अब दोनों खदान के विस्तार के क्रम में एक वर्ष के भीतर गायत्री खदान में जबकि दो वर्ष बाद रेहर खदान में प्रबंधन डिप्लेरिंग का काम शुरू करेगी ,इसके लिए भी भूमि का अधिग्रहण होना है ,इस हेतु मुआवजा निर्धारण की प्रक्रिया कंपनी स्तर पर शुरू की जा रही है जिसके विषय में भी लोगों को अवगत कराने का निर्णय लिया गया है।बताया गया कि राज्य शासन के अधिकारियों की उपस्थिति में एसडीएम कार्यालय में हर मंगलवार बैठक में ग्रामीणों को कंपनी की हर गतिविधियों से अवगत कराने सहित उनकी मांगों के विषय में हर बिंदुओ पर क्रमवार चर्चा के बाद निर्णय लिए जाने की सहमति के बाद आंदोलनकारियों ने सहमति देते हुए अपने तालाबंदी आंदोलन को समाप्त कर दिया ।दोनों खदानों में मंगलवार देर रात कोयला उत्पादन कार्य पुनः शुरू हो गया है।बता दें कि समाप्त हुए वित्तीय वर्ष में कंपनी और क्षेत्र दोनों निर्धारित हुए कोल उत्पादन लक्ष्य को हासिल नहीं कर पाए थे ,नए वित्तीय वर्ष में कंपनी के नए मुखिया हरीश दुहन की अगुवाई में क्षेत्रीय महाप्रबंधक डॉ संजय सिंह पूरे जोरशोर से इस वर्ष उत्पादन लक्ष्य हासिल करने युद्धस्तर पर प्रयास शुरू किया है।दो दिनों तक दोनों खदानों से कोयला उत्पादन बाधित रहने से करीब सात हजार टन कोयला उत्पादन बाधित हुआ है ,इसके अलावा कोल कर्मचारियों को बिना काम वेतन सहित खदान संचालित होने से करीब चालीस करोड़ रुपये के आसपास आर्थिक क्षति होने का अनुमान है।



1-MAY- Jash-CORIYA-RGH-JANJ-Bhoomi pg-3_Layout 1 5/1/2025 8:28 PM Page 1





# रणबीर को 'श्रीराम' के रूप में देखने के लिए हो जाइए तैयार

**मुंबई।** रणबीर कपूर इस वक्त सिर्फ एक ही फिल्म पर फोकस कर रहे हैं और वह है नितेश तिवारी की 'रामायण'। इस मूवी में उनके साथ मुख्य भूमिका में साईं पल्लवी नजर आने वाली है। जब इस माइथोलॉजिकल फिल्म 'रामायण' की शूटिंग शुरू हुई थी, तो फिल्म के सेट से कई फोटोज लीक हो गई थी। जिसके बाद मेकर्स ने फिल्म सिटी में शूट हो रही मूवी के सेट पर सिक्योरिटी और भी टाइट कर दी थी। नितेश तिवारी की ये फिल्म दो भागों में रिलीज होगी। रणबीर कपूर 'श्रीराम' के रूप में कैसे लगेंगे ये जानने के लिए न जाने फैंस कब से बेकरार हैं। अब उनकी इस बेसब्री के बीच मेकर्स जल्द ही फिल्म का टीजर रिलीज करने के तैयारी में हैं।

## लाइफ Style

# पलक

## 2000 में से एक बंदा को किया डेट

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड की अभिनेत्री पलक तिवारी इन दिनों सुर्खियों में हैं। उनकी फिल्म 'द भूतनी' 1 मई को रिलीज होने वाली है। इसको लेकर वह चर्चा में हैं। फिल्म में संजय दत्त और मौनी रॉय भी हैं। पलक तिवारी इब्राहिम अली खान के साथ रिश्ते को लेकर भी सुर्खियों में रहती हैं।

दोनों ने साफ किया है कि वह सिर्फ दोस्त हैं। पलक तिवारी ने जूम से बातचीत में एक कहानी बताई है। उन्होंने एक लड़के के बारे में बताया जो उन्हें इंटरनेट पर मिला था। वह समझ रही थीं कि वह लड़का बहुत सुंदर है। पलक ने उसका पीछा किया। पलक ने एक लड़के के बारे में बताया जो उन्हें इंस्टाग्राम पर मिला था। पलक ने कहा 'मुझे लगता है सबसे अजीब चीज जो मैंने की वह यह थी कि मुझे सोशल मीडिया पर एक लड़का मिला। मुझे लगा कि वह सबसे खूबसूरत है। जब मैंने उस लड़के को देखा तो वह मुझे बहुत क्यूट लगा। फिर मैंने सोचा इसके बारे में पता करते हैं। मैं उसके बारे में कुछ नहीं जानती थी। यहां तक कि उसका नाम भी नहीं। मैंने उसे बस एक बार देखा और सोचा कि मुझे उसे ढूंढना है।' पलक ने कहा 'एक लड़के ने उस क्यूट लड़के की फोटो पोस्ट की लेकिन उसे टैग नहीं किया। वह लड़का 2000 लोगों को फॉलो कर रहा था। आप यकीन नहीं करेंगे लेकिन मैंने 2000 लोगों की प्रोफाइल चेक की, ताकि उस क्यूट लड़के को ढूंढ सकूं। मैंने उसकी फोटो अपने दोस्त को भेजी। मैं किसी के लिए ऐसा नहीं करती। लेकिन मैंने उस लड़के के लिए किया। हालांकि वह लड़का मिल गया।'



## हॉलीवुड मसाला



# हार्वे के खिलाफ हेली ने दी गवाही

**लॉस एंजिलिस।** न्यूयॉर्क की एक अदालत में मंगलवार को हार्वे वीनस्टीन के खिलाफ चल रहे मीटू मामले की दोबारा सुनवाई में मीरियम हेली ने अपनी गवाही दी। हेली ने कोर्ट में कहा कि वीनस्टीन ने जुलाई 2006 में उनके साथ जबरदस्ती यौन शोषण किया था। 47 वर्षीय हेली ने साफ कहा कि उनकी वीनस्टीन के प्रति कोई रोमांटिक या यौन रुचि नहीं थी। वह केवल काम की तलाश में उनसे मिली थीं। हेली ने अदालत से कहा कि कथित घटना से दो महीने पहले मई 2006 में वह फ्रांस के कान फिल्म फेस्टिवल में वीनस्टीन से मिली थीं।



# ग्रिंट के घर गूंजी किलकारी न्यूबॉर्न बेबी की पहली झलक

**लॉस एंजिलिस।** 'हैरी पॉटर' फेम ब्रिटिश एक्टर रूपर्ट ग्रिंट एक बार फिर पिता बन गए हैं। उनके घर नन्ही परी ने जन्म लिया है और इस खुशी को उन्होंने सोशल मीडिया पर फैंस के साथ साझा किया। अपनी पोस्ट में रूपर्ट ने बेबी गर्ल की पहली झलक भी दिखाई और उसका प्यारा नाम भी रिवील कर दिया। जैसे ही यह खुशखबरी सामने आई, फैंस और सेलेब्स की तरफ से बधाइयों का तांता लग गया। बता दें, रूपर्ट ने साल 2020 में अपनी पार्टनर जॉर्जिया ग्रूम के साथ पहली बेटी का स्वागत किया था, जिसका नाम उन्होंने वेडनेसडे रखा था। रविवार को रूपर्ट ग्रिंट ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर न्यूबॉर्न बेटी के आगमन की घोषणा की। पोस्ट शेयर करते हुए उन्होंने लिखा, "सीक्रेट बेबी का थोड़ा खुलासा कर रहा हूं। पेश है ग्रिंट फैमिली का नया मेंबर। 10/10 बेबी (अब तक)।



# अंकिता ने रद्द किया यूएसए शो...

**मुंबई।** पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले की घटना ने देश को झकझोर कर रख दिया है। फिल्मी सितारों ने इस घटना की निंदी की है और वे इस मुश्किल घड़ी में घटना में मारे गए लोगों के परिवार के साथ खड़े हैं। देश के साथ खड़े हैं। इस घटना के बाद अभिनेत्री अंकिता लोखंडे ने अपना यूएसए शो कैंसिल कर दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए यह जानकारी फैंस से साझा की है। अंकिता लोखंडे 'मिस एशिया नॉर्थ अमेरिका 2025' में हिस्सा लेने जाने वाली थीं। वे यहां बतौर अतिथि आमंत्रित की गई थीं और शो में विनर की क्राउनिंग सेरेमनी उन्हीं के हाथों होनी थी। मगर, पहलगाम में हुई दिल दहला देने वाली आतंकी घटना के बाद अंकिता लोखंडे ने अपना यूएसए शो कैंसिल कर दिया है।



# 'वन-फोर्स ऑफ..' में हुई एक्ट्रेस की एंट्री

**मुंबई।** सिद्धार्थ मल्होत्रा की आगामी पौराणिक थ्रिलर फिल्म 'वन-फोर्स ऑफ द फॉरेस्ट' को अब अपनी हीरोइन ऑफिशियली मिल गई है। मेकर्स की ओर से फिल्म की अभिनेत्री का ऐलान करते हुए, पहली झलक भी सोशल मीडिया पर साझा की गई है। अभिनेत्री को एक रहस्यमय नए अवतार में पेश करते हुए एक नया टीजर जारी किया गया है। हालांकि, अभिनेत्री का पूरा लुक अभी रिवील नहीं किया गया है। फिल्म के मेकर्स बालाजी मोशन पिक्चर्स की ओर से 'वन-फोर्स ऑफ द फॉरेस्ट' में हीरोइन की एंट्री की जानकारी दी गई। जिसमें ये साफ किया गया है कि अभिनेत्री तमन्ना भाटिया सिद्धार्थ मल्होत्रा की इस पौराणिक कथाओं पर आधारित फिल्म में नजर आएंगी। मेकर्स की ओर से तमन्ना का फिल्म में स्वागत किया गया है।

## टीवी मसाला

# शादी के 6 साल बाद पापा बनने वाले हैं रोहित

**मुंबई।** डेली सोप ये रिश्ता क्या कहलाता है में नजर आए अभिनेता रोहित पुरोहित बहुत जल्द पिता बनने वाले हैं। 30 अप्रैल को एक इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए कपल ने घोषणा की कि उनकी पत्नी अभिनेत्री-पत्नी शीना बजाज प्रेग्नेंट हैं। इस जोड़े ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें दोनों मैचिंग पीच कलर के आउटफिट में नजर आ रहे हैं। शीना एक फ्लोरल गाउन में अपने बेबी बंप को फ्लॉन्ट करती नजर आईं,जबकि रोहित ने एक प्लेकार्ड पकड़ा हुआ है, जिस पर लिखा है, हमें उम्मीद है कि 2025 एक बेहतरीन साल होगा। वीडियो में रोहित भी शीना को गले लगाते और उनके बेबी बंप को सहलाते हैं। रोहित और शीना ने जैसे ही ये खुशखबरी फैंस के साथ शेयर की लोग उन्हें बधाईयां देने लगे। अभिनेत्री पंखुड़ी अवस्थी रोडे ने लिखा, बधाई हो दोस्तों! आप दोनों को ढेर सारा प्यार। अभिनेत्री अनीता राज ने टिप्पणी की, "खूबसूरत जोड़े को बधाई। गुरुजी हमेशा आप सभी को भरपूर आशीर्वाद दें बहुत खुशी हुई।कपल ने 6 साल पहले डेटिंग के बाद 22 जनवरी 2019 को जयपुर में शादी की थी। अब शादी के 6 साल बाद उनके घर किलकारी गूंजने वाली है।



## राम कपूर ने फिर चौंकाया, घटाया 55 किलो वजन

**मुंबई।** टीवी सीरियल 'बड़े अच्छे लगते हैं' फेम अभिनेता राम कपूर के अचानक हैवी वेट लॉस से उनके फैंस के बीच चिंता बढ़ गई थी। हाल ही में एक्टर ने अपने तस्वीरें साझा कर वजन संबंधी आ रही टिप्पणियों पर जवाब दिया है। हालांकि, आपको बतात चलें कि मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक कहा जा रहा है कि एक्टर ने 18 महीनों के अंदर 55 किलो वजन घटाए हैं। आइए जानते हैं अभिनेता ने सोशल मीडिया पर क्या कहा? अभिनेता राम कपूर ने अपने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें शेयर कीं हैं। इन तस्वीरों में एक्टर शर्टलेस नजर आ रहे हैं, जिसमें वह उत्साह से अपनी बॉडी को दिखाते नजर आ रहे हैं। शेयर की गई एक तस्वीरों में राम कपूर काला चश्मा लगाए हुए अजीबोगरीब रिएक्शन देते दिख रहे हैं। इस पोस्ट के कैप्शन में अभिनेता ने लिखा कि मेहनत अभी भी जारी है और लक्ष्य तक पहुंचने में अभी लंबा रास्ता तय करना है। साथ ही उन्होंने शर्टलेस तस्वीरों के लिए माफी भी मांगी। राम कपूर के इस पोस्ट पर फोटोग्राफर डब्बू रतनानी ने कमेंट किया, 'जब आप तैयार हो तो शूट का प्लान करें'।



# रिलीज हुआ बादशाह का नया गाना 'गलियों के गालिब'

**मुंबई।** गायक और रैपर बादशाह का नया गाना 'गलियों के गालिब' रिलीज हो चुका है। गाने में बादशाह डांस करते हुए नजर आ रहे हैं। गाने में वह अपना सिग्नेचर स्टेप कर रहे हैं। बादशाह के नए वीडियो में देखा जा सकता है कि वह न सिर्फ गाना गा रहे हैं बल्कि लोगों के साथ झूम रहे हैं। पूरा गाना एक कहानी की शक्ल में है। यह पहली बार है जब बादशाह ने किसी गाने में इतना अच्छा डांस किया है।गाने में देखा जा सकता है कि बादशाह हुक स्टेप कर रहे हैं। उनका डांस सधा हुआ है। म्यूजिक पर उनके पैर थिरकते हैं। गाने का बैकग्राउंड और म्यूजिक जबरदस्त हैं। गाने में उन्होंने चश्मा लगाया है और अपने बालों का लुक भी बदला है जो उन पर काफी जच रहा है। एक जगह पर उन्होंने सोलों डांस किया है। उनके ऊपर एक लग्जरी कार लटक रही है। यह दृश्य काफी रोचक है।




## कान में मिलेगा निकोल को पुरस्कार

**लॉस एंजिलिस।** हॉलीवुड अभिनेत्री निकोल किडमैन को कान फिल्म फेस्टिवल और केरिंग द्वारा वूमन इन मोशन अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। निकोल किडमैन को यह अवॉर्ड दिया जाएगा, जिससे उनके फैंस बेहद खुष हैं। वूमन इन मोशन पुरस्कार उन महिलाओं को दिया जाता है, जो सिनेमा और समाज में महिलाओं की स्थिति को बेहतर बनाती हैं। पुरस्कार समारोह 18 मई को कान फेस्टिवल में होगा। किडमैन को महिला निर्देशकों के साथ काम करने की उनकी प्रतिबद्धता के लिए चुना गया है। उन्होंने 2017 में हर 18 महीने में एक महिला निर्देशक के साथ काम करने का वादा किया था और अब तक 20 से अधिक महिला निर्देशकों के साथ काम कर चुकी हैं। केरिंग के सीईओ फ्रेंकोइस-हेनरी पिनॉल्ट ने उनकी तारीफ की और कहा कि वह सिनेमा में महिलाओं के प्रतिनिधित्व को बढ़ाने का शानदार उदाहरण हैं। किडमैन ने इस सम्मान को "सच्चा सम्मान" बताया।



# आंध्र प्रदेश में बना साउथ अभिनेत्री का मंदिर...

**मुंबई।** साउथ अभिनेत्री उर्वशी रौतेला के बाद अब जानकारी आई है कि सामंथा रुथ प्रभु का भी मंदिर उनके एक फैन ने बनवाया है। दरअसल, यह मंदिर तो तीन साल पहले ही बन गया था, लेकिन अब यह बात सोशल मीडिया पर सामने आई है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सामंथा के प्रशंसक तेनाली संदीप ने सामंथा के मंदिर का अनावरण किया और उस दिन उन्होंने अनाथ बच्चों के लिए दोपहर के भोजन का भी आयोजन किया। यह सभी कुछ तेनाली ने सामंथा के प्यार में किया है। इसके बाद तेनाली ने गरीब बच्चों के साथ सामंथा के 38वें जन्मदिन का केक भी काटा और उन्हें इस तरह से अपना प्यार दर्शाया। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, प्रेस से बात करते हुए, तेनाली ने इस उपलब्धि के बारे में विस्तार से बताया और उन्होंने कहा, "मेरा नाम तेनाली संदीप है। मैं आंध्र प्रदेश के बापटला में अलापडु ग्रामम से हूं। मैं सामंथा गारू का बहुत बड़ा प्रशंसक हूं। मैं पिछले तीन सालों से उनका जन्मदिन मना रहा हूं। मैंने तब यह मंदिर भी बनवाया था। आज मंदिर के तीन साल हो गए हैं।



## नानी की हिट 3 से लेकर आ रहीं धमाकेदार साउथ फिल्में

# मई के महीने में बॉक्स ऑफिस पर आएगा तूफान

*मुंबई। 1 मई साउथ सिनेमा के लिए बेहद खास होने जा रहा है, क्योंकि इस दिन चार बड़ी फिल्में सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। हर फिल्म का जॉनर अलग है- एक्शन, ड्रामा, रोमांस और इमोशन से भरपूर कहानियां दर्शकों को सिनेमा हॉल तक खींच लाने वाली हैं। इन फिल्मों में नामी सितारों की मौजूदगी और दमदार कंटेंट की वजह से पहले से ही सोशल मीडिया पर जबरदस्त बज बना हुआ है। अगर आप लंबे समय से कुछ नया और मनोरंजक सिनेमा देखने का इंतजार कर रहे हैं, तो यह मौका बिल्कुल न गंवाएं। आइए जानते हैं 1 मई को रिलीज हो रही चार साउथ फिल्मों के बारे में*

### हिटः द थर्ड केस




'हिटः द थर्ड केस' यानी हिट 3 एक हाई-ऑक्टेन एक्शन थ्रिलर है, जिसमें नानी अर्जुन सरकार नाम के एक जांबाज पुलिस ऑफिसर की भूमिका निभा रहे हैं। फिल्म की कहानी एक 9 महीने के बच्चे के किडनैप केस के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसे अर्जुन हर कीमत पर बचाना चाहता है। यह फिल्म 'हिट यूनिवर्स' की तीसरी किस्त है और इससे पहले 'हिट' और 'हिट 2' को दर्शकों ने काफी पसंद किया था। ट्रेलर को मिल रही प्रतिक्रियाएं बता रही हैं कि फिल्म थ्रिल और सस्पेंस से भरपूर होगी।

### टूरिस्ट फैमिली



'टूरिस्ट फैमिली' एक भावनात्मक पारिवारिक ड्रामा है, जिसमें श्रीलंका से आए एक तमिल परिवार की कहानी दिखाई गई है जो तमिलनाडु में नई ज़िंदगी शुरू करना चाहता है। उनकी जद्दोजहद, संघर्ष और नए समाज में घुलने की कोशिश को फिल्म में संवेदनशीलता से दर्शाया गया है। बेहतरीन सिनेमैटोग्राफी अरविंद विश्वनाथन ने की है और दिल छू लेने वाला संगीत सीन रोल्डन ने तैयार किया है। यह फिल्म दर्शकों को एक इमोशनल सफर पर ले जाएगी।

### रेट्रो




'रेट्रो' एक रोमांटिक एक्शन ड्रामा है, जिसमें सूर्या परिवेल कन्नन नाम के एक व्यक्ति की भूमिका में हैं जो अपने पहले प्यार रुक्मिणी को फिर से पाने की कोशिश करता है। कहानी में रोमांस के साथ-साथ भरपूर एक्शन और ड्रामा भी है। फिल्म में प्रकाश राज और जयराम जैसे अनुभवी कलाकार भी अहम किरदारों में हैं, जो इसकी गहराई को और बढ़ाते हैं।

### पप्पी



'पप्पी' एक सरल लेकिन दिल को छू लेने वाली कन्नड़ फिल्म है, जो उत्तर कर्नाटक के एक गरीब परिवार की कहानी को दिखाती है जो बेहतर जीवन की तलाश में बैंगलोर आता है। उनकी किस्मत तब बदलती है जब उनके बेटे को एक लावारिस पप्पी मिलता है, जो एक अमीर परिवार का होता है। पप्पी और बच्चे की मजबूत होती दोस्ती दर्शकों को हंसाएगी भी और रुलाएगी भी।

